विषय–जीव विज्ञान (इण्टरमीडिएट)

बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण सुझाव

परीक्षा से पूर्व की तैयारी–

1. सिलेबस के आधार पर तथा मॉडल पेपर के पैटर्न को समझकर पढ़े।
2. अध्यायों में उपस्थित प्रकरणों से संबंधित फ्लो चार्ट बनाकर अध्ययन करें।
   उदाहरण–**पुष्पी पादपों में लैंगिक जनन**

पुष्प– आवृत्तबीजियों का एक आकर्षक अंग



3. प्रतिदिन प्रश्नों के उत्तर लिखने का अभ्यास करें।
4. पढ़े गये अध्याय का रिवीजन करें।
5. प्रकरण को रटने के बजाय समझने का प्रयास करें।
6. प्रकरणों से सम्बन्धित चित्रों का अभ्यास करते हुये पढ़े।
7. पिछले वर्षो का प्रश्नपत्र हल करें।
8. पढ़ाई का समय सारणी अवश्य बनायें।
9. आसान अध्याय या प्रकरण को पहले तैयार करें इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।
10. प्वाइंट्स बनाकर पढ़ें जिससे रिविजन करने में आसानी होगी।
11. एकाग्रता क्षमता को ठीक रखने के लिए भरपूर नींद और उचित आहार लेना चाहिए।
12. सामूहिक अध्ययन अवश्य करें।

परीक्षाकक्ष में ध्यान देने योग्य बिन्दु—

1. सर्वप्रथम प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़े।
2. समय को ध्यान देते हुए प्रश्नपत्र को हल करें।
3. सरल प्रश्नों को करने के पश्चात कठिन प्रश्नों को हल करें।
4. प्रश्नों में आये चित्रों का स्वच्छ तथा स्पष्ट नामांकन करें।
5. प्रश्न के प्रकार के अनुसार प्रश्नों का उत्तर लिखें।
6. उत्तर पैराग्राफ में अथवा हेडिंग देकर प्रश्न के अनुसार लिखें।
7. सम्पूर्ण प्रश्नों के उत्तर लिखने के पश्चात उत्तरों का पुनरावलोकन अवश्य करें।
8. प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट तथा स्वच्छ राइटिंग में लिखें।
9. प्रश्नों का उत्तर फ्लो चार्ट के माध्यम से देने का प्रयास करें।
10. उत्तरों को लिखने के पश्चात् उत्तरपुस्तिका का पुनरावलोकन अवश्य करें।